प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 03.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- जीएसटी परिषद की दो दिवसीय बैठक आज से नई दिल्ली में–वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन अध्यक्षता करेंगी।
- विधानसभा में आज राजस्थान कोचिंग सेंटर नियंत्रण और विनियमन विधेयक 2025 तथा राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2025 पर चर्चा की जायेगी।
- उदयपुर, अजमेर और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में आज से भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान।
- जलझूलनी एकादशी पर प्रदेशभर में विभिन्न धार्मिक आयोजन–बारां का प्रसिद्ध डोल मेला आज से शुरू।

00000

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक आज नई दिल्ली में शुरू होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन दो दिन की बैठक की अध्यक्षता करेंगी। बैठक में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर विचार–विमर्श होने की संभावना है। ये ढांचागत सुधार, करों को तर्कसंगत बनाने और जीवन सुगमता के तीन स्तम्भों पर केन्द्रित होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस संबोधन में कहा था कि वस्तु और सेवा कर से देश को व्यापक लाभ हुए हैं। उन्होंने जीएसटी के तहत सुधारों पर बल देते हुए कहा था कि इससे आम आदमी, किसानों, मध्यम वर्ग तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को राहत मिलेगी।

.....

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में सेमिकॉन इंडिया–2025 में मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की बैठक में भाग लेंगे। इस बैठक में उद्योग जगत प्रमुख, भारत में सेमीकंडक्टर प्रणाली और इसके विकास पर विचार–विमर्श करेंगे। श्री मोदी बैठक के दौरान पूरे विश्व से आए मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री ने कल नई दिल्ली में यशोभूमि में सेमिकॉन इंडिया–2025 सम्मेलन का उद्‌घाटन किया था। तीन दिन के इस सम्मेलन का लक्ष्य वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में स्थापित करना है।

00000

राज्य विधानसभा में आज दो महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा की जायेगी। इनमें राजस्थान कोचिंग सेंटर नियंत्रण और विनियमन विधेयक 2025 तथा राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2025 शामिल है। इसके साथ ही सदन के पटल पर वित्त विभाग और सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की अधिसूचनाएं रखी जायेंगी। इसके अलावा विभिन्न विभागों के 8 वार्षिक प्रतिवेदन और लेखे प्रस्तुत किये जायेंगे। साथ ही कार्य सलाहकार समिति के प्रतिवेदन का उपस्थापन और उस पर विचार किया जायेगा।

0000

केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कल कोटपूतली–बहरोड और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए नई दिल्ली में समीक्षा बैठक की। इस बैठक में मंत्रालय, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। श्री यादव ने अपशिष्ट और जल प्रदूषण से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रदूषण करने वाली औद्योगिक इकाईयों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा।

0000

प्रदेश में कल से शहर चलो अभियान के प्रीकैम्प लगाये जायेंगे। इस दौरान 13 सितम्बर तक अधिकारी शहरी निकायों के वार्ड पार्षदों से चर्चा कर समस्याओं का चिन्हीकरण करेंगे। ताकि लोगों को मुख्य कैम्प के दौरान सुगम और जल्द राहत मिल सके। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल मुख्यमंत्री कार्यालय में नगरीय विकास और स्वायत्त शासन विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि राज्यसरकार का लक्ष्य अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को अधिक से अधिक राहत पंहुचाना है। उन्होंने अधिकारियों को अभियान के सफल संचालन के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने को कहा। गौरतलब है कि यह अभियान 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने राजस्व और उपनिवेशन विभाग की समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने अधिकारियों को बजट घोषणाओं के निर्माण कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टेक ऐप से किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। किसान खुद गिरदावरी कर रहे है। उन्होंने 18 सितम्बर से शुरू होने वाले गांव चलो अभियान का जिक्र करते हुए कहा कि इससे ग्रामीणों तक सरकारी सेवायें सुलभ हो सकेगी।

0000

प्रदेश के उदयपुर, अजमेर और भरतपुर संभाग में आज से बहुत भारी बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के दक्षिण पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में अगले 48 घंटों में बारिश की गतिविधियों में बढोतरी की संभावना है।

.....

इस बीच प्रदेश में कल राजधानी जयपुर सहित 12 शहरों में हल्की से मध्यम बरसात हुई। झालावाड, करौली, भीलवाडा, नागौर और हनुमानगढ में झमाझम पानी बरसा। उधर हनुमानगढ में हुई बरिश से निचले इलाकों में जल भराव के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। घग्घर नदी में पानी के लगातार आवक को देखते हुए प्रशासन सतर्क है। पाली में जवाई बांध फिर से छलकने को तैयार है। वहीं करौली में पांचना बांध के दो गेट खोलकर पानी निकाला जा रहा है।

00000

सीकर जिले के डोकन गांव में खदान में मलबा गिरने से दो मजदूरों की दबने से मृत्यु हो गई और एक अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल मजदूर का अस्पताल में ईलाज किया जा रहा है। देर रात तक बचाव अभियान चलाकर शवों को निकाला गया। प्रशासन ने हादसे की जांच के आदेश दिये है।

0000

जलझूलनी एकादशी पर आज प्रदेशभर के मंदिरों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान हो रहे है। इस अवसर पर सभी प्रमुख कृष्ण मंदिरों से ठाकुर जी को पालकी में बैठाकर पवित्र जलाशयों तक ले जाया जाएगा। वहां जल से अभिषेक कर फिर से मंदिरों में प्रतिष्ठित किया जाएगा। ब्रज क्षेत्र में जलझूलनी एकादशी धार्मिक उल्लास के साथ मनायी जा रही है। भरतपुर के किला स्थित बांके बिहारी मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। चित्तौडगढ के सांवलिया सेठ और उदयपुर के जगदीश मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंहुचे है। वहीं सीकर के खाटूश्याम जी मंदिर में भी जलझूलनी एकादशी पर धार्मिक आयोजन हो रहे है।

0000

उधर बारां का प्रसिद्ध डोल मेला आज से शुरू हो रहा है। 17 दिन तक चलने वाले इस मेले का शुभारम्भ शोभायात्रा के साथ होगा। मेले के दौरान कई रंगारंग कार्यक्रम होंगे।

0000

प्रदेश में पशु चिकित्सक के 11 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन की आज अंतिम तारीख है। अभ्यर्थी आज रात 12 बजे तक आवेदन कर सकते है।

0000